रजिस्टर्ड नं0 HP/13/SML/2003.

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

(असाधारण)

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, बुधवार, 25 फरवरी, 2004/6 फाल्गुन, 1925

हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय

अधिसूचना

शिमला–171 004, 25 फरवरी, 2004

संख्याः वि0 स0–गवर्नमैंट बिल/1–113/2003.—हिमाचल प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली, 1973 के नियम 140 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण विधेयक, 2004 (2004 का विधेयक

4003–राजपत्र/2004–25–2–2004––1,408. (3467) मूल्य : एक रुपया।

संख्यांक 3) जो आज दिनांक 25 फरवरी, 2004 को हिमाचल प्रदेश विधान सभा में पुरःस्थापित हो चुका है, सर्व--साधारण की सूचनार्थ राजपत्र में मुद्रित करने हेतु प्रेषित किया जाता है।

जे0 आर0 गाज़टा,
सचिव,
हि0 प्र0 विधान सभा।

2004 का विधेयक संख्यांक 3.

हिमाचल प्रदेश आवास एंव शहरी-विकास प्राधिकरण विधेयक, 2004

(विधान सभा में पुर:स्थापित रूप में)

भूमि की योजना बनाने एंव इसका विकास करने तथा भिन्न-भिन्न आय वाले समूहों की आवास आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु अवसंरचना का सृजन करने और आवास कॉलोनियों तथा सम्बन्धित अवसंरचना के उन्नयन के लिए लोक और प्राइवेट स्त्रोतों को संचालित करने के लिए विकास स्कीमों का उपबन्ध करने हेतु तथा आवास कॉलोनियों के योजनाबद्ध विकास के लिए समुचित प्राधिकरण और यांत्रिका का सृजन करने के लिए विकास प्राधिकरण का सृजन करने हेतु उपबन्ध करने के लिए विधि को पुन: अधिनियमित करने के लिए **विधेयक।**

भारत गणराज्य के पचपनवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :-

अध्याय-1

प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ।

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2004 है।

(2) इसका विस्तार संपूर्ण हिमाचल प्रदेश राज्य पर है।

(3) यह ऐसी तारीख को प्रवृत्त होगा जिसे राज्य सरकार इस निमित्त अधिसूचना द्वारा नियत करे।

परिभाषाएं।

2. इस अधिनियम में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "संलग्न क्षेत्र'' से ऐसा क्षेत्र अभिप्रेत है जो इस अधिनियम की धारा 18 के अधीन संलग्न क्षेत्र के रूप में विनिर्दिष्ट किया जाए;

(ख) "प्राधिकरण'' से इस अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(ग) "प्राधिकरण परिसर'' से बोर्ड से सम्बन्धित या उसमें निहित या प्राधिकरण द्वारा पट्टे पर लिया गया या इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए प्राधिकरण को सौंपा गया या उसके कब्जे में या नियंत्रणाधीन कोई परिसर अभिप्रेत है;

(घ) "भवन'' (बिल्डिंग) के अन्तर्गत है, कोई सरंचना या परिनिर्माण या संरचना अथवा परिनिर्माण का भाग, जो आवासीय, औद्योगिक, वाणिज्यिक या अन्य प्रयोजनों के लिए उपयोग किए जाने के लिए आशयित है, चाहे वास्तविक उपयोग में है या नहीं;

(ड.) "उप-विधियों'' से इस अधिनियम की धारा 52 के अधीन बनाई गई उप-विधियां अभिप्रेत है;

(च) "अध्यक्ष'' से प्राधिकरण का अध्यक्ष अभिप्रेत है;

(छ) "मुख्य-कार्यकारी अधिकारी'' से अधिनियम की धारा 11 के अधीन नियुक्त कोई अधिकारी अभिप्रेत है;

(ज) "समिति'' से इस अधिनियम की धारा 12 के अधीन नियुक्त कोई समिति अभिप्रेत है;

(झ) "सक्षम प्राधिकारी'' से राज्य सरकार द्वारा इस अधिनियम के अधीन समस्त या किन्हीं शक्तियों तथा कृत्यों के प्रयोग और अनुपालन के लिए नियुक्त कोई व्यक्ति या प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(ञ) "वित्तीय वर्ष" से अप्रैल के प्रथम दिन से प्रारम्भ होने और आगामी वर्ष के इक्तीसवें दिन को समाप्त होने वाला वर्ष अभिप्रेत है;

(ट) "भूमि" के अन्तर्गत भूमि से उद्भूत होने वाले फायदे और भूबद्ध या भूबद्ध किसी वस्तु से स्थायी रूप से संलग्न वस्तुएं हैं;

(ठ) "स्थानीय प्राधिकरण" से नगर निगम, नगरपालिका परिषद्, नगर सुधार न्यास, छावनी प्राधिकरण, नगर पंचायत, जिला परिषद् या ग्राम पंचायत या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन स्थानीय प्राधिकरण के कृत्यों से न्यस्त कोई अन्य प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(ड) "सदस्य" से प्राधिकरण का सदस्य अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत इसका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष भी है;

(ढ) "अधिसूचना" से राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना अभिप्रेत है;

(ण) "परिसर" से किसी भवन या भवन के भाग के लिए अधिभोग में कोई भूमि अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत निम्नलिखित है:-

(i) भवन से या भवन के भाग से यदि कोई उद्यान, मैदान और उपगृह अनुलग्न है तो वह उद्यान, मैदान या उपगृह; और

(ii) ऐसे भवन के या भवन के भाग के अधिक फायदाप्रद उपयोग के लिए उसमें लगी हुई कोई फिटिंग;

(त) "विहित" से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(थ) "संप्रवर्तक" (प्रोमोटर) से ऐसा कोई व्यक्ति या कम्पनी या सोसाइटी अभिप्रेत है,-

(i) जो अपार्टमेन्टस से युक्त किसी भवन (बिल्डिंग) का निर्माण करता है या करवाता है या अन्य व्यक्तियों को

सभी या कतिपय अपार्टमेन्टस की बिक्री के प्रयोजन के लिए किसी विद्यमान भवन (बिल्डिंग) या इसके किसी भाग को अपार्टमेन्टस में परिवर्तित करता है और उसके अन्तर्गत उसके समनुदेशिति भी है; या

(ii) जो भूमि को कॉलोनी में विकसित करता है और अन्य व्यक्तियों को विक्रय करने के प्रयोजन से प्लाटस (स्थल) भी काटता है।

(द) "विनियम" से इस अधिनियम की धारा 51 के अधीन बनाए गए विनियम अभिप्रेत है;

(ध) "नियम" से इस अधिनियम की धारा 61 के अधीन बनाए गए नियम अभिप्रेत है;

(न) "स्कीम" से इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन विरचित कोई स्कीम अभिप्रेत है;

(प) "सचिव" से प्राधिकरण का सचिव अभिप्रेत है;

(फ) "राज्य सरकार" से हिमाचल प्रदेश राज्य की सरकार अभिप्रेत है; और

(ब) "उपाध्यक्ष" से प्राधिकरण का उपाध्यक्ष अभिप्रेत है।

अध्याय-2

प्राधिकरण की स्थापना और गठन

प्राधिकरण की स्थापना।

3. (1) ऐसी तारीख से, जो राज्य सरकार इस निमित्त अधिसूचना द्वारा नियत करे, इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के नाम से ज्ञात एक प्राधिकरण की

स्थापना की जाएगी जिसका मुख्यालय ऐसे स्थान पर होगा जो राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए।

(2) प्राधिकरण उपर्युक्त नाम से एक निगमित निकाय होगा जिसका शाश्वत उत्तराधिकार होगा और सामान्य मुद्रा होगी और इस अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा या उसके अधीन किसी निर्बन्धन के अधीन रहते हुए उसे जंगम या स्थावर संपत्ति का अर्जन, धारण, प्रबन्धन और अन्तरण करने और संविदा करने की शक्ति होगी और उपर्युक्त नाम से वह वाद ला सकेगा या उसके विरुद्ध वाद लाया जा सकेगा और ऐसी सभी बातें करेगा जिनके लिए इसकी स्थापना की गई है।

(3) इस अधिनियम और भू-अर्जन अधिनियम, 1894 के प्रयोजनों के लिए प्राधिकरण एक निगम समझा जाएगा। 1894 का 1.

4. (1) प्राधिकरण निम्नलिखित सदस्यों से गठित होगा:— प्राधिकरण का गठन।

(क) राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना द्वारा नियुक्त किए जाने वाले अध्यक्ष और उपाध्यक्ष।

(ख) सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार . . पदेन सदस्य।

(ग) सचिव (आवास) हिमाचल प्रदेश सरकार . . पदेन सदस्य।

(घ) सचिव (शहरी विकास) हिमाचल प्रदेश सरकार . . पदेन सदस्य।

(ङ) सचिव (नगर एवं ग्राम योजना) हिमाचल प्रदेश सरकार . . पदेन सदस्य।

(च) हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग का इंजीनियर-इन-चीफ . . पदेन सदस्य।

(छ) हिमाचल प्रदेश सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग का इंजीनियर-इन-चीफ . . पदेन सदस्य।

(ज) राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना द्वारा नियुक्त किए जाने वाले तीन गैर-सरकारी सदस्य।

(झ) मुख्य-कार्यकारी अधिकारी प्राधिकरण का सदस्य सचिव होगा।

(2) अध्यक्ष या उपाध्यक्ष राज्य सरकार को अपना त्यागपत्र प्रस्तुत करके किसी भी समय अपने पद का त्याग कर सकेंगे।

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और गैर-सरकारी सदस्यों की पदावधि।

5. (1) प्राधिकरण का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और गैर-सरकारी सदस्य राज्य सरकार के प्रसादपर्यन्त पद धारण करेंगे।

(2) प्राधिकरण का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ऐसे कर्तव्यों का निर्वहन और ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेंगे जो विहित की जाएं।

निरर्हताएं।

6. कोई व्यक्ति प्राधिकरण के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष या गैर-सरकारी सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने या बने रहने के लिए निरर्हित होगा, यदि ०ङ—

(क) नैतिक अधमता से अन्तर्वलित किसी अपराध के लिए दाण्डिक न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध ठहराया गया है; या

(ख) अनुन्मोचित दिवालिया है; या

(ग) प्राधिकरण या किसी विधि के अधीन स्थापित किसी अन्य वित्तीय संस्था का व्यतिक्रमी है; या

(घ) विकृत चित है; या

(ङ) प्राधिकरण का कर्मचारी है; या

(च) प्रत्यक्षत: या अप्रत्यक्षत: स्वयं, या किसी भागीदार, नियोजक या कर्मचारी द्वारा प्राधिकरण के साथ, द्वारा या की ओर से, किसी संविदा या नियोजन में कोई शेयर या हित रखता है; या

(छ) भारत का नागरिक नहीं है।

स्पष्टीकरण:- इस धारा के खण्ड (ङ) के प्रयोजन के लिए प्राधिकरण का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष प्राधिकरण का कर्मचारी नहीं समझा जाएगा।

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और गैर- सरकारी सदस्यों का पारिश्रमिक और भत्ते।

7. (1) अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को ऐसा वेतन और भत्ते संदत्त किए जाएंगे जो विहित किए जाएं।

(2) प्रत्येक गैर-सरकारी सदस्य ऐसे भत्ते प्राप्त करेगा जो विहित किए जाएं।

(3) यथास्थिति, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और गैर-सरकारी सदस्यों का पारिश्रमिक और भत्ते प्राधिकरण की निधि में से संदत्त किए जाएंगे।

कार्यकारी अध्यक्ष ।

8. जब कभी अध्यक्ष के पद में अस्थायी रिक्ति हो तो उपाध्यक्ष ऐसी रिक्ति की अवधि के दौरान अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा और दोनों की अनुपस्थिति में राज्य सरकार तीन गैर सरकारी सदस्यों में से किसी एक को प्राधिकरण का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर सकेगी।

गैर-सरकारी सदस्य की रिक्ति।

9. यदि कोई गैर-सरकारी सदस्य.--

(क) इस अधिनियम की धारा 6 में वर्णित निरर्हताओं में से किसी के अधीन हो जाता है; या

(ख) राज्य सरकार को अपना लिखित त्यागपत्र देता है और वह स्वीकृत कर लिया जाता है; या

(ग) प्राधिकरण की तीन लगातार बैठकों में से अध्यक्ष की अनुज्ञा के बिना अनुपस्थित रहता है तो वह, ऐसी तारीख से गैर-सरकारी सदस्य नहीं रहेगा जो राज्य सरकार द्वारा घोषित की जाए।

रिक्ति का भरा जाना।

10. अध्यक्ष या उपाध्यक्ष या गैर-सरकारी सदस्य की कोई रिक्ति, यथासाध्य शीघ्रता से भरी जाएगी।

अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति तथा पदों का सृजन।

11. (1) राज्य सरकार प्राधिकरण का एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जो विहित किए जाएं, नियुक्त कर सकेगी।

(2) प्राधिकरण ऐसे पदों का सृजन सरकार के पूर्व अनुमोदन से कर सकेगा जिन्हें यह अपने कृत्यों के दक्षतापूर्वक निर्वहन के लिए आवश्यक समझे।

(3) प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति का ढंग, अनिवार्य अर्हताएं, वेतनमान एंव भत्ते तथा सेवा की अन्य शर्तें ऐसी होंगी जैसी विनियमों द्वारा अवधारित की जाएं।

समिति की नियुक्ति।

12. (1) प्राधिकरण, इस अधिनियम के अधीन इस निमित्त बनाये गए किन्हीं नियमों के अधीन रहते हुए, इसके कृत्यों के दक्षतापूर्ण निर्वहन को सुनिश्चित करने के लिए और विशेषतया यह सुनिश्चित करने के लिए कि उक्त कृत्यों का निर्वहन विशेष स्थानीय क्षेत्र की परिस्थितियों और अपेक्षाओं का सम्यक् ध्यान रखते हुए किया जाता है, समय-समय पर एक या अधिक समितियां नियुक्त कर सकेगा।

(2) उप-धारा (1) के अधीन नियुक्त कोई समिति, इसको सौंपे गए कृत्यों के निर्वहन के लिए, ऐसी रीति में बैठक करेगी जो प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट की जाए।

प्राधिकरण की बैठक।

13. (1) प्राधिकरण निम्नलिखित के अधीन रहते हुए, ऐसे समय और स्थान पर बैठक करेगा, जैसा यह उचित समझे:—

(क) साधारण बैठक, प्रत्येक तीन मास में एक बार होगी;

(ख) अध्यक्ष, जब कभी उचित समझे, स्वयं या राज्य सरकार के निदेश पर विशेष बैठक बुला सकेगा;

(ग) प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष द्वारा और उसकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष द्वारा और दोनों की अनुपस्थिति में कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा की जाएगी;

(घ) किसी भी बैठक में, सभी प्रश्नों का विनिश्चय उपस्थित सदस्यों के बहुमत द्वारा किया जाएगा और मत के बराबर होने की दशा में अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति निर्णायक मत का प्रयोग करने का भी हकदार होगा; और

(ङ) प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियों के कार्यवृत का अभिलेख, इस प्रयोजन के लिए दी गई पुस्तक में बैठक के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के हस्ताक्षर के अधीन दर्ज किया जाएगा।

(2) प्राधिकरण की बैठक के लिए गणपूर्ति प्राधिकरण के कुल सदस्यों के दो तिहाई से होगी।

विशिष्ट प्रयोजन के लिए प्राधिकरण के साथ व्यक्तियों का अस्थायी सहयोजन।

14. (1) प्राधिकरण, विशिष्ट क्षेत्र में किसी विशेषज्ञ का, जैसा वह आवश्यक समझे, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर तथा ऐसी फीस के संदाय पर जैसी प्राधिकरण द्वारा निश्चित की जाए, परामर्श ले सकेगा।

(2) उप-धारा (1) के अधीन किसी प्रयोजन के लिए प्राधिकरण के साथ सहयुक्त व्यक्ति को, उस प्रयोजन से सुसंगत, प्राधिकरण के विचार-विमर्श में भाग लेने का अधिकार होगा लेकिन मतदान का अधिकार नहीं होगा।

(3) राज्य सरकार, आदेश द्वारा, अपने प्रतिनिधियों को, प्राधिकरण की किसी बैठक में उपस्थित होने और प्राधिकरण के विचार-विमर्श में ऐसी मदों या विषयों पर भाग लेने के लिए जो राज्य सरकार विनिर्दिष्ट करे, प्रतिनियुक्त कर सकेगी किन्तु ऐसे प्रतिनिधियों को मतदान का अधिकार नहीं होगा।

(4) प्राधिकरण, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर तथा ऐसी फीस के संदाय पर जैसी प्राधिकरण द्वारा विनिश्चित की जाए, सीमित अवधि के लिए, एक परामर्शी नियुक्त कर सकेगा जो विशिष्ट या विनिर्दिष्ट कार्य (कार्यों) के लिए आवश्यक समझा जाए।

संविदा करने की शक्ति।

15. प्राधिकरण ऐसी संविदाएं कर सकेगा जिन्हें वह इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक समझे।

संविदा का निष्पादन।

16. प्रत्येक संविदा, प्राधिकरण की ओर से, मुख्य-कार्यकारी अधिकारी या प्राधिकरण द्वारा विशेष या साधारण आदेश द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित की जाएगी:

परन्तु कोई भी संविदा किसी अधिकारी द्वारा तब तक हस्ताक्षरित नहीं की जाएगी जब तक कि संविदा की विषयवस्तु प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित न हो।

अध्याय-3

निष्पादन के लिए स्कीमों का विरचन और परिनिश्चय

आवास एवं विकास स्कीमों को हाथ में लेने की प्राधिकरण की शक्तियां और कर्त्तव्य।

17. (1) इस अधिनियम के उपबन्धों तथा राज्य सरकार के नियन्त्रण के अधीन रहते हुए प्राधिकरण,—

(क) स्वयं स्कीमें विरचित कर सकेगा;

(ख) सम्प्रवर्तक के अनुरोध पर स्कीम विरचित कर सकेगा;

(ग) सम्प्रवर्तक द्वारा प्रस्तावित स्कीम को अंगीकृत कर सकेगा; और

(घ) ऐसी आवास एवं विकास स्कीमों के विरचन और निष्पादन के लिए जैसा वह आवश्यक समझे, किसी क्षेत्र में, जहां यह अधिनियम प्रवृत्त है, व्यय उपगत कर सकेगा और सकर्म अपने हाथ में ले सकेगा।

(2) आवास एंव विकास स्कीम निम्नलिखित स्कीमों में से एक या ऐसी स्कीमों में से दो या अधिक के संयोजन की या उनके किसी विशेष प्रकार की हो सकेगी, अर्थात्:—

(क) भू-विकास स्कीम;
(ख) शहर या नगर या गांव विकास स्कीम;
(ग) आवास स्कीम;

(घ) औद्योगिक क्षेत्र विकास स्कीम;

(ङ) वाणिज्यिक/पर्यटन स्कीम; और

(च) संरचनात्मक विकास स्कीम।

(3) राज्य सरकार ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जैसी यह अधिरोपित करना ठीक समझे, प्राधिकरण को किसी सावधिक कार्य या किसी आवास एवं विकास स्कीम की विरचना और निष्पादन सौंप सकेगी चाहे उसके लिए इस अधिनियम में उपबन्ध किया गया हो या नहीं और इस पर प्राधिकरण, ऐसी स्कीमों की विरचना और निष्पादन अपने हाथ में ले सकेगा मानो कि इसके लिए अधिनियम में उपबन्ध किया गया था।

(4) प्राधिकरण राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर जैसी करार पाई जाए, स्थानीय प्राधिकरण या सहकारी सोसाइटी की ओर से या व्यक्ति की ओर से किसी सावधिक कार्य या किसी आवास एवं विकास स्कीम की विरचना या निष्पादन या दोनों को हाथ में लेगा।

मामले, जिन के लिए विकास स्कीम में उपबन्ध किया जाएगा।

18. इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन, विकास स्कीम में निम्नलिखित सभी या किन्हीं के लिए उपबन्ध किया जा सकेगा, अर्थात:-

(क) क्रय द्वारा, विनियम द्वारा या अन्यथा, स्कीम के लिए आवश्यक या इसके निष्पादन द्वारा प्रभावित, किसी सम्पत्ति का अर्जन;

(ख) किसी भूमि का क्रय द्वारा, विनियम द्वारा या अन्यथा अर्जन, उसका प्लाटों में विभाजन और स्कीम के अनुसार इसे स्वयं या सम्प्रवर्तक के माध्यम से विकसित करके, इसका विक्रय;

(ग) स्कीम में समाविष्ट किसी भूमि का अभिन्यास या पुन: अभिन्यास;

(घ) स्कीम में समाविष्ट सम्पत्ति के स्वामियों को स्थलों (साइटस) का वितरण या पुन: वितरण;

(ङ) मानव निवास के लिए अनुपयुक्त आवास के प्रभाग को बन्द करना या तोड़ना;

(च) बाधा पहुंचाने वाले भवनों (बिल्डिंगज) या भवनों के प्रभागों को तोड़ना;

(छ) भवनों (बिल्डिंगज) का संनिर्माण और पुन:निर्माण, उनका अनुरक्षण और परिरक्षण;

(ज) स्कीम में समाविष्ट किसी सम्पत्ति का क्रय, किराए पर दिया जाना या विनिमय;

(झ) मार्गों और पीछे वाली गलियों का संनिर्माण और परिवर्तन;

(ञ) स्कीम के अन्तर्गत लाए क्षेत्र में जल निकास, जल प्रदाय और प्रकाश व्यवस्था;

(ट) स्कीम में समाविष्ट किसी क्षेत्र के फायदे के लिए पार्क, खेल के मैदान और खाली जगह और विद्यमान पार्कों, खेल के मैदानों, खाली जगहों और पहुंच मार्गों का विस्तार;

(ठ) नदियों या अन्य स्त्रोतों और जल प्रदाय के साधनों को किसी प्रकार की क्षति या संदूषण के संरक्षण तथा निवारण सहित स्कीम में समाविष्ट क्षेत्र के लिए अपेक्षित स्वच्छता संबधी प्रबंध;

(ड) निवासियों, उद्योगों, संस्थानों, कार्यालयों, स्थानीय प्राधिकरणों, सहकारी सोसाइटियों या निगमित निकायों के किसी वर्ग के लिए वास सुविधा;

(ढ) स्कीम के प्रयोजन के लिए धन देना;

(ण) संसूचना और परिवहन के लिए सुविधाएं;

(त) ऐसी जानकारी और सांख्यिकी का संग्रहण जो इस अधिनियम के प्रयोजनो के लिए आवश्यक हो; और

(थ) कोई अन्य मामला जिसके लिए, राज्य सरकार की राय में,

आवास सुविधा और या स्कीम में समाविष्ट किसी क्षेत्र या किसी संलग्न क्षेत्र की अभिवृद्धि या विकास व्यवस्था के लिए उपबन्ध करना समीचीन हो।

स्पष्टीकरण.— इस धारा के प्रयोजनों के लिए राज्य सरकार, प्राधिकरण की सिफारिश पर, अधिसूचना द्वारा, आवास स्कीम के क्षेत्र के आस-पास के या संलग्न क्षेत्र को, "संलग्न क्षेत्र" (एडजोएनिंग एरिया) विनिर्दिष्ट कर सकेगी।

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए उपबन्ध।

19. राज्य सरकार ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर जो विनियमों द्वारा विहित की जा सकेंगी, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए विकसित क्षेत्र या निर्मित आवासों का कम से कम पांच प्रतिशत आरक्षित कर सकेगी।

विकास स्कीम का प्रकाशन।

20. (1) किसी विकास स्कीम का परिनिश्चय करने से पूर्व प्राधिकरण प्रारूप स्कीम को अधिसूचना द्वारा प्रकाशित करेगा और जिसमें आस-पास की भूमि सहित विकास स्कीम में सम्मिलित किया जाने वाला प्रस्तावित क्षेत्र दर्शित करने वाली योजना (प्लान) विनिर्दिष्ट होगी और यह प्राधिकरण के कार्यालय में कार्यालय समय के दौरान, इसके प्रकाशन की तारीख से तीस दिन के लिए जन-साधारण के निरीक्षण हेतु रखी जाएगी।

(2) यदि प्रारूप स्कीम के प्रकाशन की तारीख से तीस दिन के भीतर कोई व्यक्ति, स्कीम से सम्बद्ध कोई आक्षेप या सुझाव लिखित रूप से प्राधिकरण को संसूचित करता है तो प्राधिकरण ऐसे आक्षेप या सुझाव पर विचार करेगा और प्रारूप स्कीम में, जैसा यह उचित समझे, उपांतरण कर सकेगा।

(3) प्राधिकरण उप-धारा (2) के अधीन परिनिश्चित स्कीम को अधिसूचना द्वारा प्रकाशित करेगा।

(4) उप-धारा (3) के अधीन अधिसूचना का प्रकाशन इस बात का निश्चायक साक्ष्य होगा कि कथित स्कीम विरचित की गई है।

स्थानीय प्राधिकरण में निहित प्रबन्धन का आवास एवं विकास स्कीम के प्रयोजन के लिए प्राधिकरण में अन्तरण।

21. (1) जब कभी भी, स्थानीय प्राधिकरण के स्वामित्व और कब्जे वाला कोई मार्ग, चौक या अन्य भूमि या उसका कोई भाग, इस अधिनियम की धारा 20 के अधीन राजपत्र में प्रकाशित किसी आवास या विकास स्कीम के प्रयोजनों के लिए अपेक्षित हो, तो प्राधिकरण, यथास्थिति, ऐसे मार्ग, चौक या अन्य भूमि या उसके किसी अन्य भाग के प्रबन्धन को प्राधिकरण में अन्तरित करने के लिए सम्बन्धित स्थानीय प्राधिकरण को नोटिस देगा।

(2) जब स्थानीय प्राधिकरण ऐसे मार्ग, चौक या अन्य भूमि या उसके भाग के प्रबन्धन के अन्तरण के लिए सहमत हो जाए तो यह प्राधिकरण में निहित हो जाएंगे।

(3) जब कोई विवाद हो, मामले को राज्य सरकार को निर्दिष्ट किया जाएगा और राज्य सरकार सम्बन्धित पक्षकारों को सुनने के पश्चात् मामले का विनिश्चय करेगी, जिसका उस पर विनिश्चय अन्तिम होगा।

(4) ऐसा निहित किए जाने के होते हुए भी, सम्बन्धित स्थानीय प्राधिकरण ऐसी नगरपालिक सेवाएं देता रहेगा जैसी उस द्वारा प्राय: दी जाती रही हैं और इसका प्राधिकरण में ऐसा निहित किया जाना प्रबन्धन के अन्तर्गत आने वाली किसी नाली (ड्रेन) या जल संकर्मों में या पर के, ऐसे स्थानीय प्राधिकरण के कर्त्तव्यों और बाध्यताओं, पर भी प्रभाव नहीं पड़ेगा।

प्राधिकरण की, इसमे निहित लोक पथ या लोक मार्ग को परिवर्तित या बन्द करने की शक्ति।

22. (1) प्राधिकरण इसमें निहित किसी लोक पथ या लोक मार्ग या उसके किसी भाग को परिवर्तित कर सकेगा या उसकी सार्वजनिक उपयोगिता को रोक सकेगा या स्थाई तौर पर बन्द कर सकेगा।

(2) जब कभी भी प्राधिकरण, इसमें निहित किसी सार्वजनिक मार्ग या उसके किसी भाग की सार्वजनिक उपयोगिता को रोके या स्थाई तौर पर बन्द करे तो ये यथासाध्य, मार्ग या उसके भाग के हकदारों को, प्रयोग के बदले में प्रतिस्थापित पहुंच के किन्ही अन्य युक्ति-युक्त साधनों की व्यवस्था करेगा।

(3) जब प्राधिकरण में निहित कोई सार्वजनिक मार्ग, उप-धारा (1) के अधीन स्थाई तौर पर बन्द किया जाए, तो प्राधिकरण उसका स्कीम के अनुसार उपयोग कर सकेगा।

आवास एवं विकास स्कीमों के अधीन प्राधिकरण द्वारा अभिन्यस्त या परिवर्तित किए हुए मार्गों और उपलब्ध कराए खुले स्थान का स्थानीय प्राधिकरण में निहित किया जाना।

23. (1) जब भी राज्य सरकार का समाधान हो जाए—

(क) कि आवास स्कीम के लिए यथा अपेक्षित, प्राधिकरण द्वारा बनाया गया या परिवर्तित कोई मार्ग, सम्यक् रूप से समतल, तैयार, पक्का कर दिया गया है, नाली, मल निकास और नाली की व्यवस्था कर दी गई है;

(ख) कि ऐसे लैम्प, लैम्प खम्बों और अन्य यन्त्रों की, जो सम्बद्ध स्थानीय प्राधिकरण ऐसे मार्ग की प्रकाश व्यवस्था के लिए आवश्यक समझे और जिनकी व्यवस्था प्राधिकरण द्वारा की जाती है, व्यवस्था कर दी गई है; और

(ग) कि ऐसे मार्ग में जल और अन्य स्वच्छता सम्बन्धी सुविधाओं की सम्यक् रूप से व्यवस्था कर दी गई है,

तो यह, मार्ग को सार्वजनिक मार्ग घोषित कर सकेगी और उस पर मार्ग सम्बद्ध स्थानीय प्राधिकरण में निहित हो जाएगा, और तत्पश्चात् सम्बद्ध स्थानीय प्राधिकरण द्वारा उसके अनुरक्षण, मरम्मत, प्रकाश और स्वच्छता की व्यवस्था की जाएगी।

(2) जब किसी आवास एवं विकास स्कीम के निष्पादन में संवातन या आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए, प्राधिकरण द्वारा खुले स्थान का उपबन्ध किया गया हो, तो प्राधिकरण स्कीम के पूर्ण होने पर ऐसे खाली स्थान को सम्बद्ध स्थानीय प्राधिकरण को अन्तरित कर सकेगा और तदुपरि ऐसा खुला स्थान, स्थानीय प्राधिकरण में निहित हो जाएगा:

परन्तु स्थानीय प्राधिकरण ऐसे किसी खुले स्थान के ऐसे अन्तरण से पूर्व प्राधिकरण से ऐसे स्थान में बाड़ लगाने, उसे समतल करने, घास लगाने, नाली बनाने और ऐसा स्थान बनाने तथा उसमें पैदल मार्गों की व्यवस्था करने, और यदि आवश्यक हो, तो मार्गों में प्रकाश करने के लिए लैम्पों और अन्य यन्त्रों की व्यवस्था करने की अपेक्षा कर सकेगा।

(3) अगर इस धारा में निर्दिष्ट किसी मामले (विषय) के सम्बन्ध में प्राधिकरण और स्थानीय प्राधिकरण के बीच कोई मतभेद पैदा होता है, तो मामले (विषय) राज्य सरकार को निर्दिष्ट किए जाएंगे, जिस पर उसका विनिश्चय अन्तिम होगा।

प्राधिकरण के अन्य कर्त्तव्य।

24. (1) प्राधिकरण परिसरों के अनुरक्षण, आबंटन, पट्टे पर देने या उसका अन्यथा उपयोग करने और उसकी बाबत किराया, प्रतिकर और नुकसानी एकत्र करने के लिए आवश्यक उपाय करना प्राधिकरण का कर्त्तव्य होगा।

(2) प्राधिकरण,—

(i) जब राज्य सरकार द्वारा ऐसा करने की अपेक्षा की जाए, राज्य सरकार को तकनीकी सलाह दे सकेगा, और अन्य आवास स्कीमों के अधीन परियोजनाओं की संवीक्षा कर सकेगा;

(ii) सामान्य रूप से आवास से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं पर अनुसंधान करने का जिम्मा ले सकेगा और विशिष्टत: स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल आवास निर्माण के सस्ते तरीके ढूंढ सकेगा;

(iii) आवास की समस्याओं के व्यापक सर्वेक्षण का जिम्मा ले सकेगा; और

(iv) निम्नलिखित के लिए सभी कार्य कर सकेगा—

(क) भवन-सामग्री के एकीकरण, सरलीकरण और मानकीकरण हेतु;

(ख) आवास संघटकों के पूर्व-निर्माण और पुंज उत्पादन को प्रोत्साहित करने;

(ग) भवन-सामग्री के उत्पादन की व्यवस्था करने या जिम्मा लेने; और

(घ) भवनों सहित आवास अवसंरचना के डिजाइन और सन्निर्माण के कार्य में प्रशिक्षित कर्मकारों की नियमित और पर्याप्त उपलभ्यता सुनिश्चित करने हेतु।

अध्याय-4

वित्त, लेखा और संपरीक्षा

प्राधिकरण की निधि।

25. (1) प्राधिकरण की अपनी निधि होगी।

(2) प्राधिकरण, इस अधिनियम के सभी या किन्हीं प्रयोजनों के लिए केन्द्रीय या राज्य सरकारों से या स्थानीय प्राधिकरण या किसी व्यक्ति या निकाय से, चाहे निगमित हो या नहीं, अनुदान, परिदान और संदान स्वीकार कर सकेगा।

(3) राज्य सरकार ऐसे अनुदान दे सकेगी जैसे वह प्राधिकरण के लिए आवश्यक समझे।

(4) प्राधिकरण निधि का गठन, इस अधिनियम के फलस्वरूप, प्राधिकरण द्वारा या की ओर से प्राप्त सभी धन, भूमि के सभी आगम या प्राधिकरण द्वारा बेची गई कोई अन्य प्रकार की सम्पत्ति, प्राधिकरण द्वारा लिए गए ऋण सहित उसे प्रोद्भूत होने वाले समस्त किराया या समस्त ब्याज, लाभ और अन्य धन से होगा।

(5) राज्य सरकार द्वारा यथा अन्यथा निदेशित के सिवाय, इस धारा में विनिर्दिष्ट सभी धन और प्राप्तियां जो प्राधिकरण निधि का भाग हैं, किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक या राष्ट्रीय कम्प्यूटराईज्ड नेटवर्क रखने वाले किसी बैंक या हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक में जमा की जाएगी या ऐसी प्रतिभूतियों में विनिहित की जाएंगी जैसी कि राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित की जाएं।

(6) ऐसा लेखा ऐसे अधिकारियों द्वारा प्रवर्तित होगा, जो प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत किए जाएं।

निधि का उपयोजन।

26. इस अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन प्राधिकरण में निहित समस्त सम्पत्ति, निधि और अन्य सभी परिसम्पत्तियां इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए इसके द्वारा उपयोजित की जाएंगी।

प्राधिकरण की उधार लेने की शक्ति।

27. (1) प्राधिकरण समय-समय पर राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी से बॉड; डिबेन्चर, ऋण और ऐसी अन्य लिखित (इनस्ट्रूमैंट) जारी करके किसी भी स्त्रोत से इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जैसी वह उचित समझे, धन उधार ले सकेगा।

(2) प्रत्येक डिबेन्चर, बॉड या लिखित (इनस्ट्रूमेंट) प्राधिकरण द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा।

(3) प्राधिकरण, समय-समय पर, सरकार के अनुरोध पर, किसी कार्य या स्कीम के निष्पादन के लिए, ऋण ले सकेगा।

(4) राज्य सरकार प्राधिकरण द्वारा उप-धारा (1) के अधीन उधार लिए गए धन या उप-धारा (3) के अधीन लिए गए ऋण की बाबत मूलधन के प्रतिसंदाय और उस पर ब्याज के संदाय के लिए ऐसी शर्तों के अध्यधीन प्रत्याभूति दे सकेगी, जैसी वह उचित समझे।

लेखे और संपरीक्षा।

28. (1) प्राधिकरण के लेखे, ऐसे प्ररूप और ऐसी रीति में, तैयार किए और रखे जाएंगे जैसी विहित की जाए।

(2) प्राधिकरण, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए, लेखों का वार्षिक विवरण, ऐसे प्ररूप में तैयार करवाएगा जैसा विहित किया जाए।

(3) प्राधिकरण के लेखों की संपरीक्षा, राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अभिकरण द्वारा या कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 226 के अधीन कम्पनियों के संपरीक्षक के रूप में कार्य करने को सम्यक् रूप से अर्हित किसी संपरीक्षक द्वारा की जाएगी।

1956 का 1.

(4) संपरीक्षक, लेखों की संपरीक्षित प्रति सहित, रिपोर्ट की एक प्रति, प्राधिकरण को भेजेगा जो संपरीक्षा रिपोर्ट की प्राप्ति के पश्चात्, यथाशक्य शीघ्र राज्य सरकार को अग्रेषित करेगा।

(5) राज्य सरकार, लेखों की संपरीक्षित प्रति सहित संपरीक्षा रिपोर्ट को, उप-धारा (4) के अधीन उसकी प्राप्ति के पश्चात्, यथाशक्य शीघ्र राज्य विधान मण्डल के समक्ष रखवाएगी।

लेखो की विशेष संपरीक्षा।

29. (1) इस अधिनियम की धारा 28 में किसी बात के होते हुए भी राज्य सरकार प्राधिकरण के लेखों की, ऐसे व्यक्ति द्वारा जिसे वह उचित समझे, विशेष संपरीक्षा के लिए आदेश देगी।

(2) जहां उप-धारा (1) के अधीन आदेश दिया गया हो, प्राधिकरण ऐसे लेखों को विशेष संपरीक्षा के लिए प्रस्तुत करेगा या करवाएगा और उप-धारा (1) के अधीन नियुक्त व्यक्ति को ऐसी सूचना प्रस्तुत करेगा जिसकी कि उक्त व्यक्ति अपेक्षा करे।

वार्षिक रिपोर्ट और बजट।

30. (1) प्राधिकरण, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान, ऐसी रीति में और ऐसे समय पर जैसा विहित किया जाए, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के दौरान के क्रियाकलापों का सही और पूरा विवरण और चालू वित्तीय वर्ष मे इसके द्वारा सम्भाव्य प्रारम्भ किए जाने वाले क्रियाकलापों का विवरण देते हुए, एक वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट तैयार करेगा और ऐसी रिपोर्ट की प्रतियां, राज्य सरकार को अग्रेषित की जाएंगी।

(2) राज्य सरकार, उप-धारा (1) के अधीन रिपोर्ट को प्राप्त करने के पश्चात्, यथाशक्य शीघ्र प्रत्येक ऐसी रिपोर्ट, राज्य विधान मण्डल के समक्ष रखवाएगी।

(3) प्राधिकरण विहित रीति में प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक बजट तैयार करेगा और यह इस द्वारा अनुमोदित किया जाएगा और इसके अनुमोदन के पन्द्रह दिन के भीतर राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

भविष्य निधि।

31. (1) प्राधिकरण अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अभिदायी भविष्य निधि स्थापित करेगा और ऐसी भविष्य निधि, भविष्य निधि अधिनियम, 1925 के प्रयोजनों के लिए प्राधिकरण की भविष्य निधि समझी जाएगी 1925 का 19 और प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा प्रशासित की जाएगी।

(2) प्राधिकरण, इसके प्रत्येक कर्मचारी की बाबत, जो उपर्युक्त निधि का अभिदाता है, उपर्युक्त निधि में, अभिदाय का ऐसा भाग, ऐसी रीति में संदत्त करेगा जो राज्य सरकार समय-समय पर विहित करे।

अध्याय-5

प्राधिकरण द्वारा भूमि का अर्जन और व्ययन

ा का अर्जन।

32. जब कोई भूमि इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए अपेक्षित है, तो राज्य सरकार प्राधिकरण के अनुरोध पर भू-अर्जन अधिनियम, 1894 के 1894 का 1 उपबन्धों के अधीन इसका अर्जन करने के लिए कार्रवाई कर सकेगी, और उस अधिनियम के अधीन अधिनिर्णित प्रतिकर (मुआवजे) और भूमि को अर्जित करने में उपगत किसी अन्य प्रभार के प्राधिकरण द्वारा संदाय पर, भूमि प्राधिकरण में निहित होगी।

भूमि का व्ययन।

33. (1) इस अधिनियम के अधीन राज्य सरकार द्वारा जारी निदेशों के अध्यधीन प्राधिकरण स्वंय द्वारा अर्जित या राज्य सरकार द्वारा इसे अन्तरित भूमि का, आवास एवं विकास स्कीम में यथा उपबन्धित ऐसे विकास को हाथ में लेकर या क्रियान्वित करने के पश्चात्, ऐसी रीति में, जो विहित की जा सकेगी और ऐसे निबन्धनों और शर्तों जैसे वह उचित समझें, के अध्यधीन विक्रय, विनिमय, पट्टे या नीलाम द्वारा व्ययन कर सकेगी।

(2) उप-धारा (1) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए प्राधिकरण अपनी किसी भूमि या निर्माण (बिल्डिंग) का, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जिन्हें वह समय-समय पर अवधारित करे, विक्रय कर सकेगी, उसे पट्टे पर दे सकेगी या अन्यथा चाहे नीलाम द्वारा या आबंटन द्वारा इसका अन्तरण कर सकेगी।

(3) इस धारा के अधीन किसी भी अन्तरण के लिए प्रतिफल धन प्राधिकरण को ऐसी रीति में संदत्त किया जाएगा, जैसा विनियमों द्वारा विहित किया जाए।

(4) यथास्थिति, कोई भी भूमि या भवन (बिल्डिंग) या दोनों तब तक प्राधिकरण के ही रहेंगे, जब तक कि ब्याज सहित समस्त प्रतिफल धन या कोई अन्य राशि ऐसी भूमि या भवन या दोनों के अन्तरण के लेखे जो प्राधिकरण को देय है, संदत्त नहीं कर दी जाती।

(5) विनियमों के उपबन्धों के अध्यधीन अन्तरिती भूमि या भवनों (बिल्डिंग) में अपने किसी भी अधिकार को, आवेदन पर, ऐसी फीस सहित जो विहित की जाए, प्राधिकरण की पूर्व अनुज्ञा के सिवाए आगे अन्तरित नहीं करेगा।

भू-राजस्व के रूप में बकाया की वसूली।

34. जहां कोई व्यक्ति इस अधिनियम के अधीन या तद्धीन बनाए गए नियमों या विनियमों के अधीन प्राधिकरण को देय ऐसी किसी राशि के संदाय में व्यतिक्रम करता है जो मांग पर उस तारीख को जिस को कि यह देय होती है या प्राधिकरण द्वारा नियत दिन को, संदत्त नहीं की गई है, तो उसे, उससे भू-राजस्व के बकाया के रूप में वसूल किया जाएगा।

अध्याय-6

स्कीम का कार्यान्वयन

संप्रवर्तक द्वारा स्कीमों का कार्यान्वयन।

35. इस अधिनियम, तद्धीन बनाए गए नियमों या विनियमों के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए, प्राधिकरण, स्कीम के कार्यान्वयन हेतु संप्रवर्तक को किसी आवास एवं विकास स्कीम का जिम्मा लेने के लिए अनुज्ञा देगा।

संप्रवर्तकों को अनुज्ञप्ति प्रदान करने की शक्ति।

36. (1) प्राधिकरण, राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जैसी आपसी सहमति से, ऐसी प्रक्रिया का अनुसरण करने के पश्चात् और ऐसी अनुज्ञप्ति फीस का संदाय करने पर, जैसी विहित की जाए, संप्रवर्तक को, विहित प्ररूप में, स्कीम का जिम्मा लेने की अनुज्ञप्ति दे सकेगा।

(2) यदि अनुज्ञप्ति प्रदान कर दी जाती है तो संप्रवर्तक इस अधिनियम की धारा 20 के अधीन प्राधिकरण द्वारा यथा परिनिश्चित स्कीम का निष्पादन करेगा।

(3) स्कीम का निष्पादन हो जाने के पश्चात्, प्राधिकरण द्वारा, इस प्रभाव का अनिवार्य समापन प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा कि इसके द्वारा इस अधिनियम की धारा 20 के अधीन यथा परिनिश्चित स्कीम निष्पादित कर दी गई है।

(4) प्राधिकरण द्वारा समापन प्रमाण पत्र जारी करने पर, यह संप्रवर्तक को विहित रीति में, भूमि का स्वामित्व अंतरित करेगा।

संप्रवर्तक का रजिस्ट्रीकरण।

37. प्राधिकरण, किसी आवास एवं विकास स्कीम के निष्पादन के लिए, ऐसी अवधि के लिए और ऐसे निबंधनों और शर्तों पर, जैसी विहित की जाए, संप्रवर्तक को रजिस्ट्रीकृत करेगा।

अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए आवेदन।

38. (1) कोई भी रजिस्ट्रीकृत संप्रवर्तक, प्राधिकरण को, अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए लिखित में, ऐसे प्ररूप में और ऐसे दस्तावेजों और फीस सहित ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, किसी स्कीम का जिम्मा लेने या कार्यान्वित करने के लिए, अनुज्ञप्ति प्रदान करने हेतु आवेदन कर सकेगा।

(2) प्राधिकरण, ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसी यह आवश्यक समझे, लिखित में आदेश द्वारा,—

(क) आवेदक द्वारा, विकास संकर्म की प्राक्कलित लागत के दस प्रतिशत के बराबर बैंक प्रतिभूति प्रस्तुत करने पर तथा किसी करार पर ऐसे निबन्धनों और शर्तों, जो करार पाई जाएं पर करार करने पर, निम्नलिखित सुनिश्चित करने के लिए उपबन्धों सहित स्कीम का निष्पादन प्रदान (अवार्ड) करेगा:—

(i) कि विकास कार्य, अनुमोदित स्कीम की विरचना (फ्रेमवर्क) के भीतर होगा और विनियमों तथा भवन उप-नियमों के उपबन्धों की पुष्टि करेगा, और

(ii) कि उस समयसारणी, जिसके भीतर आवास एवं विकास कार्य पूर्ण किया जाना है, का अनुसरण किया जाएगा; या

(ख) आवेदक को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान करने के पश्चात् स्कीम के निष्पादन को प्रदान करने से इन्कार कर सकेगा।

संप्रवर्तक द्वारा भवन (बिल्डिंग) या स्थल (प्लाट) का आबंटन।

39. इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अध्यधीन सम्प्रवर्तक, पूर्वेक्षित आंवटितियों को, ऐसे निबंधनों और ऐसी शर्तों पर, जैसी विनियमों द्वारा विहित की जाएं, भवन (बिल्डिंग) या प्लाट अंतरित कर सकेगा।

सुख-सुविधाओं के रख-रखाव (अनुरक्षण) के प्रभार।

40. जहां प्राधिकरण कोई सुख-सुविधाएं, उपयोगिता, सेवा या सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है या उनका रख-रखाव कर रहा है वहां प्राधिकरण आबंटिती से विहित रीति में रख-रखाव (अनुरक्षण) प्रभार प्रभारित करेगा।

विवाद की दशा में मध्यस्थ को निदेश।

41. यदि प्राधिकरण और सम्प्रवर्तक के बीच या सम्प्रवर्तक और आबंटिती के बीच हुए किसी करार में कोई विवाद उत्पन्न हो जाता है, तो उसे, माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 के उपबन्धों के अनुसार मध्यस्थ को निर्दिष्ट किया जाएगा।

1996 का 26

अध्याय-7

राज्य सरकार, प्राधिकरण तथा स्थानीय प्राधिकरणों के बीच सम्बन्ध

स्थानीय प्राधिकरण से सुख सुविधाओं के रख-रखाव हेतु उत्तरदायित्व हाथ में लेने की अपेक्षा करने की प्राधिकरण की शक्तियां।

42. (1) जब कोई क्षेत्र प्राधिकरण या सम्प्रवर्तक द्वारा विकसित किया गया हो तो उसे उस स्थानीय प्राधिकरण को, जिसकी सीमाओं के भीतर इस प्रकार विकसित क्षेत्र स्थित है, इसके नगरपालिक कश्त्यों के निर्वहन के लिए सौंपा जाएगा।

(2) यदि प्राधिकरण या सम्प्रवर्तक द्वारा ऐसी कोई सुख-सुविधा उपलब्ध

नहीं करवाई गई है जो अन्यथा उपलब्ध करवाई जानी चाहिए तो, यथास्थिति, प्राधिकरण या सम्प्रवर्तक, ऐसी सुख सुविधाओं की लागत के समतुल्य राशि स्थानीय प्राधिकरण को संदत्त करेगा।

(3) जब प्राधिकरण या सम्प्रवर्तक द्वारा प्रस्तावित सुख-सुविधाओं के लिए धन का संग्रहण किया गया है, परन्तु उसका उपयोग नहीं किया गया है तो वह स्थानीय प्राधिकरण को, ऐसी सुख सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए, अन्तरित किया जाएगा।

निदेश देने की शक्ति।

43. राज्य सरकार प्राधिकरण को ऐसे निदेश देगी, जो उसकी राय में इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक और समीचीन हों और ऐसे निदेशों का अनुपालन करना प्राधिकरण का कर्तव्य होगा।

पुनरीक्षण की शक्तियां।

44. राज्य सरकार किसी भी समय स्वप्रेरणा से या इसे इस निमित्त किए गए आवेदन पर प्राधिकरण द्वारा निपटाए गए किसी मामले या पारित आदेश का अभिलेख, पारित किसी आदेश या जारी किसी निदेश की वैधता या औचित्य या शुद्धता की बाबत अपनी तुष्टि के प्रयोजन के लिए, मंगवा सकेगी और उससे सम्बन्धित ऐसा आदेश पारित कर सकेगी या ऐसे निदेश जारी कर सकेगी, जैसा वह उचित समझे:

परन्तु यह कि राज्य सरकार, व्यथित पक्षकार को सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई आदेश पारित नहीं करेगी।

अध्याय-8

विकास प्रभारों का उद्ग्रहण तथा स्थलों (प्लाटस) पर भवनों (बिल्डिंगज) का निर्माण न करने के लिए शास्ति

विकास फीस का उद्ग्रहण।

45. इस अधिनियम तथा तद्धीन बनाए गए नियमों के अध्यधीन प्राधिकरण, राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी से, आदेश द्वारा, इस प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध करवाई गई सुख-सुविधाओं में या भविष्य में उपलब्ध करवाई जाने वाली

सुख-सुविधाओं में उपगत व्यय की पूर्ति के लिए विकास फीस का उद्ग्रहण कर सकेगी:

परन्तु यह कि स्कीम क्षेत्र के भिन्न भिन्न-भागों के लिए विकास फीस की भिन्न-भिन्न दरों का उद्ग्रहण किया जाएगा।

भवनों (बिल्डिंगज) का निर्माण न करने के लिए शास्ति।

46. इस अधिनियम के उपबन्धों और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अध्यधीन प्राधिकरण आबंटिती को, प्रतिवर्ष प्लाट की लागत के पांच प्रतिशत से अनधिक की शास्ति अधिरोपित कर सकेगी, यदि वह विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्लाट पर भवन (बिल्डिंग) का निर्माण करने में असफल रहता है:

परन्तु यह कि इस धारा के अधीन कोई आदेश पारित करने से पूर्व प्राधिकरण सुनवाई का युक्ति-युक्त अवसर प्रदान करेगा।

अध्याय-9

भूमि का विकास, नियन्त्रण और उपयोग

निर्माण रोकने की शक्ति।

47. (1) जहां प्राधिकरण की भूमि पर, कोई अतिक्रमण किया गया है, किसी भवन का बनाना या किसी संकर्म का निष्पादन भवन के प्लान के बिना या उसमें निर्दिष्ट मंजूरी के बिना या उसके प्रतिकूल या जिस शर्त के अधीन ऐसी मंजूरी दी गई है उसके उल्लंघन में या इस अधिनियम या उसके अधीन बनाई गई उप-विधियों के किन्ही उपबन्धों के उल्लंघन में प्रारम्भ किया गया है या किया जा रहा है (किन्तु पूर्ण नहीं हुआ है) वहां मुख्य-कार्यकारी अधिकारी या उस द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी, ऐसी अन्य कार्रवाई के अतिरिक्त, जो इस अधिनियम के अधीन की जा सकती है, आदेश द्वारा, उस व्यक्ति से, जिसकी प्रेरणा पर भवन या संकर्म प्रारम्भ किया गयां है, या किया जा रहा है, उसे तत्क्षण रोक देने की अपेक्षा कर सकता है।

(2) यदि उप-धारा (1) के अधीन किए गए आदेश का अनुपालन नहीं किया जाता है तो मुख्य-कार्यकारी अधिकारी या उस द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी किसी पुलिस अधिकारी से अपेक्षा कर सकता है कि वह उन परिसरों से

ऐसे व्यक्ति और उसके सभी सहायकों और कर्मकारों को, ऐसे समय के भीतर, जो उस अध्यपेक्षा में विनिर्दिष्ट किया जाए हटा दे और ऐसा पुलिस अधिकारी उस अध्यपेक्षा का तद्नुसार अनुपालन करेगा।

(3) उप-धारा (2) के अधीन अध्यपेक्षा का अनुपालन हो जाने के पश्चात् यदि मुख्य-कार्यकारी अधिकारी या उस द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी ठीक समझता है तो वह किसी पुलिस अधिकारी या प्राधिकरण या प्राधिकरण के अन्य कर्मचारी को परिसर की निगरानी इस दृष्टि से करने के लिए, लिखित आदेश द्वारा, परिनियोजित कर सकता है कि यह सुनिश्चित हो जाए कि भवन का बनाया जाना या संकर्म का निष्पादन जारी नहीं रखा जा रहा है और ऐसे परिनियोजन की लागत उस व्यक्ति द्वारा संदत्त की जाएगी जिसकी प्रेरणा पर ऐसा निर्माण या निष्पादन जारी रखा गया है या जिसके विरुद्ध उप-धारा (1) के अधीन आदेश किया गया है।

(4) जहां भवन का स्वामी उसके द्वारा कार्य बन्द या पूर्ण करने के पश्चात् पुनरीक्षित प्लान प्रस्तुत करता है और विचलन मंजूर किए गए प्लान से लघु स्वरूप का है तो मुख्य-कार्यकारी अधिकारी, राज्य सरकार के विशेष और साधारण निदेशों के अधीन विचलन के मामलों का, ऐसी राशि के संदाय पर, जो विहित की जाए, शमन कर सकेगा।

स्पष्टीकरण.--उप-धारा (4) के प्रयोजनार्थ, विचलन सम्बन्धी पद 'लघु स्वरूप' के अन्तर्गत निम्नलिखित नहीं है:—

(क) मंजूर किए गए प्लान से परे मंजिल का जोड़ा जाना (परिवर्धन); और

(ख) (i) किसी सरकारी भूमि या प्राधिकरण में निहित भूमि पर, या

(ii) किसी सार्वजनिक सड़क, मार्ग, पथ या निकास नाली को आच्छादित करके;

भवन का निर्माण।

(5) इस अधिनियम में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, यदि भवन का स्वामी स्वीकृत प्लान से परे किसी मंजिल को बढ़ाने द्वारा, प्राधिकरण में निहित भूमि पर भवन के निर्माण द्वारा या किसी सार्वजनिक सड़क मार्ग, रास्ते या नाली

के आच्छादन द्वारा स्वीकृत प्लान से विचलन करता है तो प्राधिकरण, उसको सुनवाई का युक्ति-युक्त अवसर देकर, उसे नागरिक सुख-सुविधाएं, जिसके अन्तर्गत जल और मल प्रणाल कुनैक्शन भी है, देने से इन्कार कर सकेगा या उन्हें उससे वापिस ले सकेगा।

संकर्म का परिवर्तन करने की अपेक्षा करने की मुख्य-कार्यकारी अधिकारी की शक्ति।

